**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं0 3216**

**04 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए**

# सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना

**3216. श्री राजेन्द्र अग्रवाल:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख तक सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना की वास्तविक प्रगति का ब्यौरा क्या है और शेष कार्य कब तक पूरा किया जाएगा;

(ख) सरकार द्वारा चालू वर्ष के दौरान सरकारी मंत्रालयों/कार्यालयों पर किराया व्यय के रूप में किए गए भुगतान का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना को पूरा करने के बाद कितनी राशि की बचत होगी?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) आज की तारीख तक सेंट्रल विस्टा विकास/पुनर्विकास मास्टर प्लान के अंतर्गत 5 परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है | ब्यौरा निम्नवत है:

| परियोजना का नाम | वास्तविक प्रगति | पूरा करने की लक्षित तिथि |
|---|---|---|
| नया संसद भवन | 70% | नवम्बर, 2022 |
| सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का पुनर्विकास | कार्य लगभग पूरा हो चुका है | |
| कॉमन केन्द्रीय सचिवालय भवन 1, 2 और 3 | 17% | दिसम्बर, 2023 |
| उप राष्ट्रपति एन्क्लेव | 24% | जनवरी, 2023 |
| एक्जिक्यूटिव एन्क्लेव | कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है | | |

(ख) और (ग): संपदा निदेशालय सामान्य पूल कार्यालय आवास (जीपीओए) भवनों में मंत्रालयों/विभागों को कार्यालय हेतु स्थान प्रदान करता है | संपदा निदेशालय सामान्य पूल कार्यालय आवास (जीपीओए) भवनों में कार्यालय स्थान उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मांग करने वाले मंत्रालयों/विभागों को 'गैर-उपलब्धता प्रमाणपत्र' (एनएसी) जारी करता है, ताकि वे स्थानीय निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निजी मालिकों आदि से कार्यालय स्थान किराए पर ले सकें | संपदा निदेशालय ने वर्ष 2021-22 में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को 11.98 लाख वर्ग फुट स्थान के लिए गैर-उपलब्धता प्रमाणपत्र जारी किया है और 69 विभागों ने सूचित किया है कि वे अपने कार्यालय स्थान के लिए 1,177.25 करोड़ रूपये सालाना किराए का भुगतान कर रहे हैं |